KUMAUN GARHWAL
CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRY
UTTARAKHAND
CHAMBER HOUSE, INDUSTRIAL ESTATE, BAZPUR ROAD, KASHIPUR, DISTT. U. S. NAGAR (UTTARAKHAND)
Phone : (05947) 262478, Fax : (05947) 262078, E-mail : kgcci10@gmail.com, Website : www.kgcci.in

# प्रेस विज्ञप्ति

**दिनाँकः 17 अप्रैल, 2025**

काशीपुर। आज दिनाँक 17 अप्रैल, 2025 को भारत सरकार के एमएसएमई मन्त्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, औद्योगिक आस्थान, बाजपुर रोड, काशीपुर (ऊधम सिंह नगर) द्वारा अपने परिसर में बेरोजगार नवयुवक/युवतियों हेतु एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (केजीसीसीआई) के अध्यक्ष, श्री अशोक बंसल मुख्य अतिथि तथा बी. पी. एग्रो कैमिकल्स, काशीपुर के डायरेक्टर, श्री विकास अग्रवाल सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर केजीसीसीआई अध्यक्ष, श्री अशोक बंसल ने रोजगार के लिए चयनित होने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आपके अथक परिश्रम, समर्पण और धैर्य का परिणाम है कि आज आपको यह सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। जिन्हें आज यहाँ नौकरी मिली है, उनके जीवन का यह एक नया अध्याय है। यह शुरुआत है, आगे और भी ऊँचाइयाँ आपका इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जो अभ्यर्थी अभी चयनित नहीं हुए हैं, उनसे मैं यही कहना चाहूँगा कि जीवन में अवसर कभी समाप्त नहीं होते। हर असफलता अपने साथ सीख लेकर आती है और अगला अवसर और बेहतर बनकर सामने आता है। अतः आप अपने प्रयासों को जारी रखें, सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग पहली बार अपनी नौकरी की शुरुआत करने जा रहे हैं वे जिस भी कम्पनी में कार्य करें, तो उसे अपनी जिम्मेदारी और परिवार की तरह समझें। जैसे एक माँ अपने बच्चों की देखभाल करती है, वह स्वयं कठिनाई में रहकर भी मुस्कुराते हुए बच्चों का पालन–पोषण करती है, उनकी हर आवश्यकता का ध्यान रखती है, कभी थकती नहीं, कभी शिकायत नहीं करती, वैसे ही आप भी अपने कार्यस्थल को अपनाएँ। जब आप अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मुस्कान के साथ निभाएँगे, तो न केवल आपकी प्रगति सुनिश्चित होगी, बल्कि कंपनी की प्रगति में भी आप महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, काशीपुर (एनएसआईसी) के केन्द्र प्रभारी, श्री पुनीत कुमार ने कहा कि केजीसीसीआई और एनएसआईसी मिलकर भविष्य में भी रोजगार के अवसर सृजन करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को रोजगार मिलने के बाद पूरी तन्मयता, निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करना चाहिए ताकि किसी भी कम्पनी में उनकी स्थिति सम्मानजनक हो तथा भविष्य में उन्नति की नींव मजबूत हो। उन्होंने चयनित होने वाले अभ्यर्थियों से कहा कि वे निरन्तर अपने कर्तव्यपथ पर चलते रहें, चुनौतियों से न डरें, और हर दिन कुछ नया सीखते रहें। आपकी मेहनत और लगन ही आपको सफलता के शिखर तक पहुँचाएगी।

बी पी एग्रो कैमिकल्स के डायरेक्टर श्री विकास अग्रवाल ने कहा कि कम्पनियों में रोजगार की कमी नहीं है। उन्होंने आवाहन किया कि उनका प्रयास होना चाहिए कि वे स्वयं के अपने कार्य करें और अपने साथियों को रोजगार देने के योग्य बनें।

रोजगार मेले में एनएसआईसी, काशीपुर, आईटीआई, काशीपुर, एससीएमटी, काशीपुर तथा आईएफटीएम कॉलेज मुरादाबाद इत्यादि के 400 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिनमें से सुबोस प्रा0 लि0, गुरुग्राम, लौहार इन्जीनियरिंग प्रा0 लि0, महुआखेड़ागंज, काशीपुर, सूर्या रोशनी निमिटेड, काशीपुर, काशी विश्वनाथ स्टील्स प्रा0 लि0, काशीपुर द्वारा साक्षत्कार कर 100 से भी अधिक अभ्यर्थियों का चयन अपनी कम्पनियों के लिए किया गया।

इस अवसर पर अभ्यर्थियों के अतिरिक्त श्री भरत मठपाल, श्री गुरविन्दर सिंह, श्री संजय गुप्ता, श्री कुलदीप सिंह, श्री आकाश कुमार, श्री इकबाल अहमद, श्री अनुज नेहरा, श्री शिवम गुप्ता, सीमा सागर इत्यादि उपस्थित थे।

(अशोक बंसल)
अध्यक्ष